तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार 3 नवंबर 2024

11 गौरी गौरा विवाह की सांस्कृतिक परम्परा धूमधाम से मनी



12 सार्थक में समुद्र मंथन और लक्ष्मी अवतरण का नाट्य प्रदर्शन



कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

## खबर संक्षेप

### आज कांशीपुरी में मातर

**पुरी।** ग्राम कांशीपुरी में समस्त ग्रामवासी के सहयोग से मातर का आयोजन दिनांक 3 नवंबर को किया गया है। मनोरंजन के लिए रात्रि में जय भारत माता नाचा पार्टी रनचिरई जिला बालोद का आयोजन किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी होंगे। आयोजनकर्ता त्रिभुवन यादव, रोहित यादव, लेखराम यादव, विशाल यादव, खेदूराम यादव एवं समस्त ग्रामवासी हैं।

### कंडेल में मातर महोत्सव आज

**पुरी।** गौरव ग्राम कंडेल में भव्य सम्राट मातर महोत्सव का आयोजन 3 नवंबर को समस्त ग्रामवासियों के सहयोग किया गया है। रात्रिकालीन में छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम लोकरंग मोर सांवरिया रायपुर की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं। आयोजन समिति के लोगों ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### देवपुर में मातर महोत्सव एवं अखाड़ा प्रतियोगिता आज

**पुरी।** ग्राम डोंगेश्वरधाम देवपुर में बजरंग दल देवपुर के तत्वाधान में 3 नवंबर को भव्य मातर महोत्सव एवं अखाड़ा प्रतियोगिता आयोजन किया जा रहा है। जिसके मुख्य अतिथि मोहन लाल साहू प्रांत सह सेवा प्रमुख आरएसएस छग, अध्यक्षता चेतन यदु सरपंच देवपुर, विशिष्ट अतिथि संदीप अग्रवाल जिलाध्यक्ष विहिप धमतरी होंगे। आयोजक बजरंग दल देवपुर विहिप जिला धमतरी के साथ यादव/ठेठवार समाज एवं समस्त ग्रामवासी देवपुर होंगे।

### पेंशनर्स की बैठक 6 को

**धमतरी।** पेंशनर्स एसोसिएशन छग प्रदेश जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 6 नवंबर बुधवार को दोपहर 1 बजे पेंशनर एसो. भवन धमतरी में संपन्न होगा। बैठक में पेंशन संगठन के पंजीयन क्रमांक 1844 के न्यायालयीन प्रकरण बाबत चर्चा की जाएगी। सचिव मोतीलाल हिरवानी एवं अध्यक्ष वीरेंद्र नाग ने समस्त सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस के अनुसार स्थानीय स्टेशनपारा निवासी ओंकार साहू 24 वर्ष ने गुरूवार दीपावली की देर रात्रि अपने घर के म्यांर में कपड़े की रस्सी का फंदा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। शुक्रवार की सुबह घटना की जानकारी होने पर सिटी कोतवाली को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पहुंच पंचनामा की कार्रवाई कर शव को उतरवा कर जिला अस्पताल भेज दिया है। शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया। युवक के आत्महत्या करने के कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### अधेड़ ने लगाई फांसी

**धमतरी।** अज्ञात कारणों के चलते एक अधेड़ ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय टिकरापारा निवासी रम्मू निषाद पिता दीनू निषाद उम्र 55 वर्ष शराब सेवन करने का आदी था। अधेड़ ने शुक्रवार की रात्रि अपने घर के लकड़ी के म्यांर में गमछे का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया था। घटना की तत्काल जानकारी हो जाने पर जीवित होने के अंदेशा के चलते परिजनों ने अधेड़ को फंदे से उतार कर उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। डाक्टर ने चेकअप के बाद अधेड़ को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने शनिवार को मर्ग कायम कर पंचनामा व पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। अधेड़ के आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### जिले में 367 सरपंच और 5242 पंच के लिए होगा मतदान

# पांच लाख से ज्यादा मतदाता चुनेंगे ग्रामीण सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

गांव की सरकार चुनने के लिए जिले के 5 लाख 20 हजार से ज्यादा मतदाता पंचायत चुनाव में भाग लेंगे। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। जिले में पुरूष मतदाता की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। वहीं 7 थर्ड जेंडर भी इस चुनाव में भागीदारी करेंगे।

नगरीय निकाय चुनाव के साथ पंचायत चुनाव की सरगर्मी शुरू हो चुकी है। स्थानीय निर्वाचन शाखा में चुनाव को लेकर तैयारी जोरों पर है। मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के बाद सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं के नाम काटने, जोड़ने और संशोधन का काम चल रहा है। उधर ग्रामीण स्तर पर भी प्रत्याशियों को लेकर गुना भाग का गणित शुरू हो गया है। दिवाली त्योहार के बाद चुनाव प्रक्रिया में तेजी आएगी।

उल्लेखनीय है कि जिले में 370 ग्राम पंचायत हैं। कुरूद क्षेत्र के चर्रा, चरमुड़िया और नवागांव में पिछले साल ही सरपंच का चुनाव हुआ है। ऐसे में इन तीनों गांव को छोड़कर बाकी के 367 ग्राम पंचायतों में सरपंच का चुनाव होगा। सभी 370 ग्राम पंचायतों में 5 हजार 242 वार्ड पंच का चुनाव होगा।

इसी प्रकार जिले में 98 जनपद सदस्य और 13 जिला पंचायत सदस्य का चुनाव होगा।




#### सबसे ज्यादा सरपंच कुरूद क्षेत्र में

पंचायत चुनाव की स्थिति पर नजर डालें तो कुरूद क्षेत्र में 108 ग्राम पंचायत हैं। इसमें से तीन को छोड़कर बाकी के 105 ग्राम पंचायतों में सरपंच का चुनाव होगा। यहां पर 1378 पंच, 23 जनपद सदस्य और तीन जिला पंचायत सदस्य का चुनाव होगा। नगरी में 102 सरपंच, 1564 पंच, 25 जनपद सदस्य और 3 जिला पंचायत सदस्य के लिए वोटिंग होगी। मगरलोड में 66 सरपंच, 880 पंच, 25 जनपद सदस्य और 4 जिला पंचायत सदस्य के लिए वोटिंग होगी। धमतरी में 94 सरपंच, 1420 पंच, 25 जनपद सदस्य और 3 जिला पंचायत सदस्य के लिए मतदान होगा।

#### पुरूषों पर भारी रहेंगी महिलाएं

प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन हो चुका है। इस मतदाता सूची पर नजर डालें तो महिलाओं की संख्या पुरूषों की तुलना में अधिक है। पूरे जिले के ग्रामीण क्षेत्र में 5 लाख 20 हजार 116 मतदाता हैं, जिसमें से 2 लाख 56 हजार 949 पुरूष और 2 लाख 63 हजार 160 महिलाएं हैं। 7 थर्ड जेंडर हैं। सबसे ज्यादा मतदाता कुरूद में 1 लाख 59 हजार 448 हैं। धमतरी में 1 लाख 46 हजार 394 मतदाता हैं। नगरी में 1 लाख 24 हजार 513 और मगरलोड में 89 हजार 761 मतदाता हैं। हालांकि मतदाता सूची में संशोधन का काम जारी है। इसके बाद इन आंकड़ों में आंशिक परिवर्तन होगा।

# युवक पर पत्थर से प्राणघातक हमला कर की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- ग्राम मुजगहन की घटना

मामूली बात के चलते दो युवकों ने मिलकर एक युवक पर पत्थर से प्राणघातक हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम मुजगहन निवासी अमितपुरी गोस्वामी पिता महेंद्र 26 वर्ष 31 अक्टूबर गुरुवार को घर से निकला था। दूसरे दिन शुक्रवार की सुबह मुजगहन आबादीपारा के नया तालाब में अमित की लाश पानी में तैरती मिली थी। युवक के शरीर में सिर के बाएं तरफ चोट के निशान था। मृतक के पिता महेंद्रपुरी गोस्वामी की शिकायत पर अर्जुनी पुलिस द्वारा 194 बीएनएस कायम कर जांच व पंचनामा कार्रवाई कर जांच में लिया गया।

पुलिस ने शुक्रवार को दोपहर शव का जिला अस्पताल के मरच्यूरी में पोस्टमार्टम कराया। तीन डाक्टरों की टीम ने शव का पोस्टमार्टम कर शार्ट पीएम रिपोर्ट दिया। रिपोर्ट में युवक की मौत सिर के बाएं मस्तक भाग की हड्डी फेक्र्चर के कारण होना बताया गया। मृतक की प्रकृति हत्यात्मक प्रकृति का होना लिखा किया गया। जिस पर पुलिस तत्काल धारा 103/1 बीएनएस के तहत अपराध दर्जकर जांच शुरु कर दी। विवेचना के दौरान पुलिस आरोपियों की पतासाजी शुरु कर दी। आसपास के साक्ष्य एवं मुखबिर से पतासाजी कर आरोपी दीपांशु उर्फ दीप साहू एवं विकासकुमार साहू को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया गया। जिस पर दोनों ने बताया कि मृतक के घूरने की बात पर दोनों में लड़ाई हुई थी। जिसके कारण दोनों आरोपियों ने मृतक के सिर पर पत्थर से प्राणघातक हमला किया। जिसके कारण युवक की मौत हो गई।

पुलिस ने शनिवार को घटना में प्रयुक्त पत्थर को आरोपी दीपांशु उर्फ दीप साहू से जप्त किया। आरोपियों द्वारा घटना से संबंधित साक्ष्य का विलोपन करना पाए जाने एवं दोनों आरोपियों ने एकराय होकर मृतक की हत्या करना पाए जाने से प्रकरण में धारा 238 बीएनएस एवं धारा 3/5 जोड़ा गया। आरोपियों ने घटना के समय पहले कपड़ा को नया तालाब में फेंकना बताया। पुलिस ने घटना के संबंध में पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर आरोपी दीपांशु उर्फ दीप साहू पिता चंद्रशेखर 19 वर्ष व विकास कुमार साहू पिता चंद्रहास साहू 23 वर्ष दोनो ग्राम मुजगहन थाना अर्जुनी निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में अर्जुनी थाना प्रभारी सन्नी दूबे, एसआई एलएम मंडेलश्वर, एसआई उत्तम निषाद, प्रआ खोमेंद्र भारद्वाज, भूनेश्वर साहू, विजयपति, आरक्षक प्रदीप साहू, सायबर से प्रआ लोकेश नेताम, फनेश साहू, मुकेश मिश्रा सहित अर्जुनी थाना व सायबर की टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# महाप्रभु का प्रसाद पाने जगन्नाथ मंदिर में लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता





- अन्नकूट पर भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा की हुई विशेष पूजा, लगाया गया महाभोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

महाप्रभु श्री जगन्नाथ मंदिर में अन्नकूट का उत्सव मनाया गया। इस दौरान प्रसादी के रूप में खिचड़ी का वितरण किया गया। गोवर्धन पूजा के दिन महाप्रभु के दर्शन, पूजन और प्रसाद पाने के लिए मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

लक्ष्मीपूजा के दूसरे दिन शहर से लेकर गांव तक गोवर्धन पूजा का त्योहार उमंग उत्साह के साथ के मनाया गया। यह पर्व भगवान कृष्ण और गोवर्धन पर्वत को समर्पित है। गांव गांव में गऊ माता की पूजा कर गोवर्धन खुंदाई की रश्म अदा की गई। मठ मंदिर चौक स्थित महाप्रभु जगन्नाथ मंदिर में परंपरा का निर्वहन करते हुए अन्नकूट का उत्सव मनाया गया। यहां पर भगवान को खिचड़ी का भोग लगाया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में खिचड़ी का वितरण किया गया। मंदिर में प्रसादी वितरण के लिए 651 किलोग्राम खिचड़ी बनाई गई थी। श्री जगदीश मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष किरण भाई गांधी ने बताया कि दोपहर 12 बजे भगवान जगन्नाथ स्वामी, भाई बलभद्र तथा बहन सुभद्रा की विशेष पूजा अर्चना पं.बालकृष्ण महाराज एवं पं.गौरव शर्मा के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ संपन्न करने के पश्चात महाभोग समर्पित किया गया। इस दिन दर्शन पूजन के लिए मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई थी, जिन्हें अन्नकूट के बाद प्रसाद के रूप में खिचड़ी का वितरण किया गया।

#### घर घर पहुंचा प्रसाद

हर साल प्रसाद पाने के लिए मंदिर में भीड़ उमड़ती है, जिसे देखते हुए मंदिर ट्रस्ट द्वारा विशेष व्यवस्था की गई थी, जिसके चलते श्रद्धालु को आसानी से प्रसाद मिल गया। ट्रस्ट से जुड़े लोगों के लिए जो मंदिर परिसर में नहीं पहुंच सकते थे उनके लिए अलग से घर तक प्रसादी पहुंचाने के लिए टिफिन व्यवस्था थी। श्री जगदीश मंदिर ट्रस्ट के सचिव प्रकाश गांधी ने बताया कि सनातन परंपरा में गोवर्धन पूजा के दिन अन्नकूट प्रसादी का वितरण की परंपरा सालों से चली आ रही है। इससे पूर्व भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में भी शहर सहित ग्रामीण अंचल के लोगों को जोड़ने के लिए निमंत्रण कार्ड घर-घर गांव तक पहुचाने का एक सार्थक प्रयास किया गया था जो सफल रहा।

#### इनका रहा सहयोग

अन्नकूट के कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कर के लिए समितियों का गठन किया गया था। प्रसादी तैयार करने में ट्रस्टी समिति गोपाल प्रसाद शर्मा, बिहारी लाल अग्रवाल, लक्खू भाई भानूशाली, रमेश भाई लाठ, दयाराम अग्रवाल, विपीन भाई पटेल, विनोद अग्रवाल, प्रसादी के लिए समान व्यवस्था में अजय अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, प्रकाश गांधी, प्रसाद वितरण में लक्ष्मीचंद बाहेती, श्यामसुंदर अग्रवाल, डॉ. हीरा महावर, हर्षद मेहता, बालकृष्ण शर्मा, मदनमोहन खंडेलवाल, रवि अग्रवाल, प्रसादी व्यवस्था अनिल मित्तल, भरत सोनी, सत्यनारायण राठी सहित अन्य व्यवस्था में संजय अग्रवाल, दिलीप सोनी, प्रमोद अग्रवाल, प्रीतेश गांधी, विवेक पटेल, पंकज महावर, राहुल महावर, निर्भय महावर, अजीत (राज) खंडेलवाल, प्रभाष अग्रवाल, राजेश शर्मा आदि का सहयोग रहा।

### भक्ति भाव के साथ माता लक्ष्मी, गणेश, कुबेर, सरस्वती की पूजा अर्चना हुई
### गोवर्धन पूजा के साथ अन्नकूट पर्व मना

# पांच दिवसीय दीपोत्सव का पर्व अंचल में हर्षोल्लास मना





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

हिन्दुओं का सबसे बड़ा त्योहार पांच दिवसीय दीपावली का त्योहार अंचल में हर्षोल्लास मनाया गया। अंधकार पर प्रकाश का विजय का पर्व पर भक्तों ने प्रथम दिन धनतेरस पर भगवान धनवंतरि की पूजा अर्चना की। दूसरे दिन 30 अक्टूबर को नरक चतुर्दशी पर यमराज की आराधना कर 14 दीपों का दान किया। 31 अक्टूबर को दीपावली पर माता लक्ष्मी, गणेश, कुबेर, सरस्वती सहित सर्व देवी-देवता की पूजा कर मनोवांछित फल की कामना की। इस बार दीपावली का पर्व दो दिन मनाया गया। शहरी इलाकों में 31 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजन तो वहीं 1 नवम्बर को ग्रामीण इलाकों में दीपोत्सव का पर्व मनाया गया। दीपावली पर भ्रम की स्थिति होने के कारण इस बार दो दिन की दीपावली मना। इस मौके पर दीयों की रोशनी से पूरा अंचल जगमगा उठा। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से त्योहार मनाया। दीये जलाने के साथ इलेक्ट्रिक झालरों से घर आंगन को सजाया गया। आतिशबाजी का दौर पूरे पांच दिन तक चला।

गुरूवार को दीपावली पर बाजार देर रात तक गुलजार रहा। खरीदारी करने लोगों की भीड़ रही। शहर के रामबाग से लेकर सदरबाजार, घड़ी चौक, रायपुर रोड, बस्तर रोड, रूद्री सहित सभी मार्गों में जमकर ग्राहकी रही। किराना, बर्तन, सराफा आटोमोबाइल, इलेक्ट्रिक आदि की दुकानों में भीड़ रही। सराफा व्यापारी स्वरूपचंद जैन, ललित जैन, ज्ञानचंद लुनावत, आटोमोबाइल सेक्टर के अमित जैन, इलेक्ट्रानिक सेक्टर के हरीश साहू, बर्तन व्यापारी भावेश देवांगन, कपड़ा व्यापारी मुकेश जैन आदि ने बताया कि गत वर्ष की अपेक्षा इस बार सभी क्षेत्रों में व्यापार अच्छा रहा। एक अकेले धनतेरस और दीपावली पर बाजार में 500-600 करोड़ का व्यापार हुआ है। कोरोना काल के बाद ऐसा पहली बार देखने को मिला है। दीपावली पर 5-6 दिन भी ग्राहकी में व्यापारी इस बार गदगद नजर आए। भगवान को भोग लगाने लोगों ने खूब मिठाईयां खरीदी। कुंभकारों का देशी उत्पाद खूब बिका। फूल मालाओं की खूब खरीदारी हुई।

देवी फूल भंडार के संचालक ने बताया कि इस बार फूलों की खूब बिक्री हुई। शहर की बात करें तो त्योहार में 10 क्विंटल से अधिक फूलों का व्यापार हुआ। सभी ने पूजा के लिए खूब फूल खरीदे। रामबाग से लेकर घड़ी चौक तक पूरा बाजार ग्राहकी से भरा हुआ था।

#### गोवर्धन पूजा, अन्नकूट पर्व मना



गोवर्धन पूजा, अन्नकूट पर्व शनिवार को मनाया गया। यह दिन इन्द्रदेव पर भगवान श्रीकृष्ण की विजय के रूप में मनाया जाता है। लोगों ने घरों में गोबर और अनाज से गोवर्धन पर्वत बनाकर पूजा की। गायों को खिचड़ी खिलाने की परंपरा है। लोगों ने पालतू मवेशी को दाल, चावल, कद्दू, कोचई से बने खिचड़ी खिलाया। यादव परिवार कमलेश यादव, पुरानिक यादव ने बताया कि गौधन को सोहाई बांधने की परंपरा का निर्वहन किया गया। गांवों में गोबर से गिरीराज पर्वत बनाकर पूजा की गई। फिर आपस में गोबर का तिलक लगाकर शुभकामनाएं दी। इस दिन गौरा गौरी की विशेष पूजा की गई। दीपावली की रात इसका आयोजन कर दूसरे दिन विसर्जन यात्रा बाजे गाजे के साथ निकाली गई जिसे नदी या तालाब में विसर्जित किया गया।

#### आज मनेगा मातर मड़ई, भाई दूज

दीपावली के पांचवें दिन भाई दूज का पर्व मनाया जाता है। यह पर्व भाई, बहन के प्यार और रिश्ते को मजबूत बनाने के लिए मनाया जाएगा। इस दिन गांवों में मातर मड़ई का आयोजन होगा। कोलियारी के ग्राम प्रमुख व बैगा संतू यादव बताते हैं कि मातर तिहार का अर्थ मां की शक्ति का सम्मान करना है। इस दिन यादव समाज गौ माता के प्रति आभार व्यक्त करेंगे। मातर में आदिशक्ति का वास होता है जो ग्रामीणों की रक्षा करेंगे। खिचड़ी खिलाने के बाद राउत नृत्य, दोहे, करतब, अखाड़ा, तलवारबाजी आदि चीजों का शौर्य प्रदर्शन होगा। इस उत्सव में सभी वर्ग के लोग भाग लेंगे। यह छग की समृद्ध संस्कृति और परंपरा की जीवंत उदाहरण है।

### मेला मड़ई की होगी शुरूआत, गांवों में हो चुकी है तैयारी पूरी

# पशुधन की समृद्धि के लिए आज होगा मातर उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पांच दिवसीय दीपावली त्योहार के अंतिम दिन गांव गांव मातर उत्सव का आयोजन किया जाएगा। गांवों में इसकी तैयारी जोरों से चल रही है। इसी के साथ मड़ई मेला का सिलसिला शुरू हो रहा है। अंचल की पहली मड़ई मां अंगारमोती के दरबार में 8 नवंबर को संभावित है। इससे पहले पड़ोसी जिले बालोद में झलमला की मड़ई होगी।

रविवार को दिवाली त्योहार की अंतिम कड़ी में गांव गांव मातर उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान गांवों में विभिन्न प्रकार के आयोजन किए जाएंगे। देवी देवताओं की डांग डंगनी, आंगा देव की सवारी निकलेगी। गांवों में गोवंशियों के अच्छे स्वास्थ्य और उन्नति के लिए साहड़ा देव की विशेष पूजा की जाएगी। कुम्हड़ा दुलाई की रश्म निभाकर कुम्हड़ा को गोवंशियों के पैरों से तुड़वाया जाएगा। इसी कुम्हड़ा का उपयोग कर और जिमिकंद, शकरकंद आदि को मिलाकर खिचड़ी पकाई जाएगी और लोगों में खिचड़ी का वितरण किया जाएगा। लोगों को खिचड़ी का प्रसाद भी बांटा जाएगा। इस दौरान अखाड़ा, राउतनाचा, करतब सहित कई प्रकार के आयोजन किए जाएंगे। ग्राम भानपुरी में इस दिन रंगोली प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाता है। रात में मनोरंजन के लिए नाचा आदि का आयोजन होता है।




#### 50 से ज्यादा गांवों में मातर

देमार, भानपुरी, भटगांव, कंडेल, देवपुर, कांशीपुरी सहित जिले के 50 से ज्यादा गांवों में मातर का आयोजन किया जाएगा। मातर उत्सव में मेला का भी आयोजन होता है। कई गांवों से मेहमान मातर में शामिल होते हैं और मेले में खरीददारी भी करते हैं। इसकी तैयारी गांवों में शुरू हो गई है। कई गांवों में तो मेले के लिए जगह आरक्षित करने के लिए व्यवसायियों ने स्टाल भी लगा ली है। मातर उत्सव के साथ ही अंचल में मेला मड़ई का सिलसिला भी शुरू हो जाएगा। उल्लेखनीय है माता अंगारमोती के दरबार गंगरेल में परंपरा के अनुसार दीपावली के बाद पहले शुक्रवार को मड़ई का आयोजन होता है। ऐसे में 8 नवंबर को यहां की मड़ई संभावित है।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### बगौद में आज भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता

**कुरुद।** दीपावली एवं मातर के पावन पर्व पर जय बजरंग नाट्य एवं मानस मंडली व समस्त ग्रामवासी बगौद के सहयोग से बजरंग चौक बगौद में भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसके मुख्य अतिथि अजय चन्द्राकर (पूर्व मंत्री एवं विधायक कुरुद विधानसभा) होंगे। वहीं अध्यक्षता श्रीमती मिनाक्षी लीलाराम साहू सरपंच करेंगी। अति विशिष्ट अतिथि मनीष चन्द्राकर (उपसरपंच), कुलेश्वर चन्द्राकर (पूर्व सरपंच) हीराराम साहू (अध्यक्ष, ग्रा.वि.स.), कृष्णालाल साहू (वरिष्ठ नागरिक), नंदकिशोर चन्द्राकर (वरिष्ठ नागरिक), बेनीराम साहू (वरिष्ठ नागरिक), जानसिंग साहू (वरिष्ठ नागरिक), भारतेन्द्र चन्द्राकर (वरिष्ठ नागरिक), त्रिलोकचंद जैन (वरिष्ठ नागरिक), मालकराम साहू (उपाध्यक्ष, प्रदेश साहू स.), टेकराम ध्रुव (वरिष्ठ नागरिक), घनश्याम चन्द्राकर (पूर्व सरपंच), कृष्णाराव मारकण्डे (पूर्व सरपंच), मोहन लाल साहू (सचिव ग्रा. वि. स.), हुलेश चन्द्राकर (अध्यक्ष, जय चंडी बाल समाज), विष्णुराम साहू (वरिष्ठ नागरिक) होंगे। उक्त प्रतियोगिता में सामूहिक नृत्य पर क्रमशः प्रथम 1201 रु, द्वितीय 7001 रु., तृतीय 4001 रु., चतुर्थ 3001 रु., पंचम 2001 रुपये की पुरस्कार राशि रखा गया है। इसी प्रकार एकल नृत्य पर क्रमशः प्रथम 4001 रु., द्वितीय 3001 रु., तृतीय 2001 रु. एवं चतुर्थ 1001 रु. का इनाम रखा गया है।

### कालेज छात्रों ने लोगों को मतदान के लिए किया प्रेरित




**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन एवं स्वीप प्रभारी कृष्ण कुमार देवांगन, पंकज जैन एवं कुशलचंद चोपड़ा के मार्गदर्शन में महाविद्यालय प्रांगण में स्वीप दीपावली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वीप प्रभारी, कैम्पस अंबेसडर एवं छात्र-छात्राओं के सहयोग से स्वीप दीपावली के माध्यम से आगामी नगरपालिका एवं जिलास्तरीय पंचायत चुनाव में सभी मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किया गया। विभिन्न जागरूकता नारों के माध्यम से जनसामान्य को मतदान के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी दिया गया। स्वीप प्रभारी कृष्ण कुमार देवांगन ने कहा कि ऐसे छात्र-छात्राएं जो 1 जनवरी 2025 की स्थिति में 18 वर्ष के हो रहे हैं, वे अपना वोटर कार्ड जरूर बनवाएं एवं अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करें। पंकज जैन ने वोटर कार्ड बनवाने की प्रक्रिया की जानकारी दी।

■ पीजी कॉलेज में मनाई गई स्वीप दीपावली

**गुप्त व यौन रोग कमजोरी**
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
**संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना**
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

विक्रांत चुने गए युवा मंच के प्रदेशाध्यक्ष, सक्रिय समाजसेवियों का ब्रम्हरत्न से सम्मान

# सर्व ब्राह्मण समाज ने मनाया दीपावली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राष्ट्रीय सर्व ब्राम्हण समाज के तत्वावधान में वृंदावन हॉल में आयोजित प्रांतीय अभिनंदन एवं दीपावली मिलन समारोह के अवसर पर समाज सेवा में सक्रिय समाजसेवियों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि रायपुर विधायक पुरन्दर मिश्रा, विशिष्ट अतिथि निगम सभापति प्रमोद दुबे थे। अध्यक्षता समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने की। इस दौरान कान्यकुब्ज ब्राम्हण अध्यक्ष अरुण शुक्ला, गौड़ ब्राम्हण अध्यक्ष प्रहलाद मिश्रा, सरयूपारीणब्राम्हण अध्यक्ष सुरेश शुक्ला, छतीसगढ़ी ब्राम्हण अध्यक्ष विनय तिवारी, उत्कल ब्राम्हण अध्यक्ष लक्ष्मण सतपति, महिला अध्यक्ष निवेदिता मिश्रा, वर्ल्ड ब्राम्हण अध्यक्ष अरविंद ओझा, पंजाबी ब्राम्हण अध्यक्ष राजकुमार शर्मा व भूपेंद्र मिश्रा धमतरी, शशिकांत तिवारी, लेखमणि पाण्डेय, बरखा शर्मा धमतरी, मोलेश तिवारी, स्वप्निल तिवारी, छाया शर्मा, दीपक




शर्मा का शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंटकर ब्रम्हरत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विधायक पुरन्दर मिश्रा ने कहा कि एक साथ पूरे छत्तीसगढ़ भर के ब्राम्हणों को प्रणाम करने का सौभाग्य सबको प्राप्त नहीं होता। वह सब सौभाग्यशाली हैं जो इस आयोजन में उपस्थित हैं। सर्वसम्मति से भूपेंद्र मिश्रा को पुनः प्रदेश महासचिव मुख्य संगठन, युवराज शर्मा प्रदेश सचिव छत्तीसगढ़, सुभाष शर्मा प्रदेश संगठन सचिव छत्तीसगढ़, विक्रांत शर्मा को प्रदेश अध्यक्ष सर्व ब्राम्हण युवा मंच छत्तीसगढ़, शुभांक मिश्रा को जिलाध्यक्ष युवा मंच धमतरी, हिना मिश्रा प्रदेश सचिव ब्राह्मण महिला मंच छत्तीसगढ़, बरखा शर्मा को महिला मंच अध्यक्ष धमतरी नियुक्त किया गया। आयोजन में पण्डित जानकी प्रसाद शर्मा, राजेन्द्र श्रोती, पीयूष पाण्डेय, रत्नेश मिश्रा, अभिषेक शर्मा, आदर्श शर्मा, सीमा चौबे, साक्षी शर्मा, नीलम शुक्ला, प्रतिमा पाण्डेय समेत सैकड़ों समाजजन उपस्थित थे।

## अरसीकन्हार में डे नाईट कबड्डी स्पर्धा का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

वनांचल क्षेत्र के ग्राम अरसीकन्हार के रंगमंच समीप राज्य स्तरीय एक दिवसीय डे नाईट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन नव युवा संगठन समिति के तत्वाधान में किया गया था। इस प्रतियोगिता में प्रथम 3025, दिव्तीय 2025, तृतीय 1025 स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी कबड्डी टीम को दिया गया।

आयोजक समिति के संरक्षक देवराज ओटी ग्राम पटेल, घनश्याम नेताम, अध्यक्ष चुनेश कुमार, सचिव टेमन नेताम, उपाध्यक्ष परमेश बघेल, सदस्यगण संत कुंजाम, कुंज बिहारी ओटी, मुकेश नागवंशी, झामेश नेताम, लिलम्बर, खुलेश मरकाम, शिवा ओटी, तामेश नेताम आदि का कबड्डी प्रतियोगिता को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग रहा।

## डाइट नगरी में छात्राध्यापकों के शाला अवलोकन पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

डाइट नगरी में प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों के शाला अवलोकन तथा शाला अनुभव कार्यक्रम के संबंध में प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानपाठकों की उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। डाइट के छात्राध्यापक शाला में पहुंचेंगे तो अच्छे शिक्षक के गुण कैसे विकसित हो, इस संबंध में सभी प्रधानपाठक सहयोगी मार्गदर्शन की भूमिका अदा करेंगे। छात्राध्यापकों के समस्त कार्यों की नियमित देखरेख करेंगे। कक्षा अध्यापन के लिए स्थान, सामग्री आदि सुनिश्चित करेंगे। छात्राध्यापकों के कार्यों की सप्ताह में समीक्षा कर मार्गदर्शन देंगे। शाला के समस्त पंजी, शाला प्रबंधन समिति,



पालकों की समिति, छात्रों की समिति से अवगत कराएंगे। इन सभी क्रियाकलापों का प्रमुख उद्देश्य शिक्षण में गुणवत्ता किस प्रकार लाई जाये, इसकी समझ छात्राध्यापक में लाने का प्रयास करना है। इस अवसर पर नगरी विकासखंड के पचास प्रधानपाठकों ने अपने अनुभव शेयर किये। कार्यक्रम में डाइट के प्राचार्य पी. राय, संकाय सदस्य डीके साहू, नरेन्द्र देवांगन, जोहन नेताम ने अपने विचार रखे। द्वितीय वर्ष के तरुणकांत, टिकेश्वर छात्राध्यापक ने भी अनुभव शेयर किये। नरेश कुमार, रामकृष्ण, तुलसी साहू द्वारा सुआ गीत, पड़की गीत, दीप गीत, समूह गीत प्रस्तुत किया गया। पीएसटी प्रभारी बीएम गजेन्द्र ने आभार व्यक्त किया।

## कलेक्टर ने दिलाई सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा





**धमतरी।** सतर्क भारत समृद्ध भारत के तहत जिले में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जायेगा। इसके मद्देनजर कलेक्टर नम्रता गांधी ने कलेक्टोरेट में अधिकारी, कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलाई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, डिप्टी कलेक्टर प्रीति दुर्गम सहित कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## कन्या महाविद्यालय में लगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में जिला चिकित्सालय की मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया जिसमें महात्मा गांधी वार्डवासियों एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्राओं ने बड़ी संख्या में स्वास्थ्य परीक्षण करवाया।

इस अवसर परप्राचार्य डॉ. डी.आर. चौधरी ने कहा कि हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए एवं नियमित रूप से परीक्षण कराते रहना चाहिए। शासन द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य




योजनाओं का लाभ उठायें। स्वस्थ होने का मतलब है अच्छा शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक, सामाजिक रूप से फिट होना है। एक स्वस्थ व्यक्ति अधिक केंद्रित और अधिक दृढ़ हो सकता है और एक खुशहाल जीवन जी सकता है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. आर. मरकाम ने कहा कि अगर हम मानव इतिहास पर नजर डाले तो मनुष्य के लिए सबसे बड़ी संपत्ति अच्छा स्वास्थ्य और स्वस्थ दिमाग है।

## कंडेल कॉलेज में मिट्टी के 3100 दीये से मनाई गई दिवाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय महाविद्यालय कंडेल की रासेयो इकाई द्वारा इस वर्ष भी 3100 मिट्टी के दीए जलाकर स्वदेशी दिवाली मनाई गई।

विदित हो कि रासेयो इकाई द्वारा यह परंपरा कंडेल में वर्ष 2023 से प्रारंभ की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा शुभ दिवाली, स्वच्छ दिवाली तथा वोकल फॉर लोकल अभियान अंतर्गत देश के मिट्टी के दीए एवं अन्य सामग्री बनाने वाले स्वदेशी कलाकारों से दीए खरीदकर उनके जीवन में रोशनी भरने का कार्य किया। इसी परंपरा का निर्माण करते हुए इस वर्ष भी 26 अक्टूबर को गांधी उद्यान

■ स्वयंसेवकों ने गौरा-गौरी झांकी एवं सुआ गीत की दी प्रस्तुति





कंडेल में 3100 मिट्टी के दीप जलाए गए। स्वयंसेवकों द्वारा गौरा गौरी झांकी एवं सुआ गीत के माध्यम से ग्राम वासियों को स्वदेशी दिवाली मनाने प्रेरित किया गया।

मौके पर कार्यक्रम अधिकारी पीतांबर सिन्हा, अतिथि व्याख्याता डॉ. संगीता गोयल, मानू नारायण सारथी, सोम मैम, सविता लहरे, टिकेश्वर वर्मा का योगदान रहा। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. रविश दास ने कहा कि स्वदेशी दिवाली मनाकर ही हम आने वाली पीढ़ियों को स्वतंत्र रूप से दिवाली त्योहार मनाने की स्वतंत्रता दे सकते हैं। मौके पर सहायक प्राध्यापक लक्ष्मी नारायण सिन्हा, लक्ष्मण सेन, संजय पंवार, कमलेश दीवान, नूतन दीवान, डॉ ऋचा शुक्ला, साकेत कुमार गंगबेर, टकेश्वर साहू उपस्थित थे।

## धनतेरस पर जलसा मनाकर किया गृह प्रवेश

■ पीएम आवास योजना से कोटाभर्री के दयाराम का पक्का मकान का सपना हुआ साकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रधानमंत्री आवास योजना से अब हर व्यक्ति का पक्के मकान का सपना फलीभूत हो रहा है। रजनी बाई कमार पति परमेश कमार एवं दयाराम कमार पिता सजारु कमार भी उनमें से एक हैं जो जिले के विकासखंड धमतरी के ग्राम पंचायत बरारी के आश्रित ग्राम कोटाभर्री के निवासी हैं। दयाराम एवं रजनी बाई की आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं थी कि वह अपने कच्चे घर को पक्के मकान में बदल पाये। बड़ी मुश्किल से दो वक्त की रोटी जुटा पाते थे। पूरे परिवार की जिम्मेदारी दयाराम एवं रजनी पर थी। बरसात में छत से पानी टपकता था, जिससे दीवारों में सीलन और जमीन में नमी बनी रहती थी।

इन हितग्राहियों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण ही एक मात्र सहारा था। दयाराम एवं रजनी को वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृति मिली और उन्हें चार किस्त में आवास निर्माण हेतु दो लाख रुपए



और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत 90 मानव दिवस की मजदूरी भुगतान 21 हजार 870 रुपए की राशि प्राप्त हुई। इस राशि का उपयोग मकान को अच्छा बनाने के लिए किया। वहीं खुद के आवास के सपना को साकार किया। धनतेरस के दिन दयाराम एवं रजनी गृहप्रवेश का जलसा मनाकर अपने परिवार के साथ पक्के मकान में खुशहाल जीवन गुजार रहे हैं। आज दयाराम और रजनी का पक्के मकान का सपना पूरा हुआ है।

सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष- 2016-17 से 2024-25 तक कुल 49 हजार 262 आवासों की स्वीकृति प्रदान की गई है जिसमें 39 हजार 382 आवास पूर्ण किया गया है। इसी तरह पी.एम. जनमन योजनांतर्गत कुल 1263 आवासों की स्वीकृति प्रदान की गई है जिसमें 420 आवास पूर्ण किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 121 एवं पीएम जनमन के तहत 156 आवास पूर्ण कर लिया गया है। इन हितग्राहियों को धनतेरस के अवसर पर गृह प्रवेश भी कराया गया।

## मिस फेयरवेल भानु, मिस फ्रेशर सीमा बनी

■ पीजी कालेज में प्रवेश उत्सव एवं विदाई समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा प्रवेश उत्सव एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे, अर्थशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ. मनदीप खालसा, प्राध्यापक डॉ. वेदवती देवांगन, डॉ. तामेश्वरी साहू, अतिथि प्राध्यापक डॉ. डेकेश्वरी मण्डावी थे।

डॉ. मनदीप खालसा ने नवगठित अर्थशास्त्र परिषद के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। एमए तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने नवप्रवेशित व भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन मीना



ने किया। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मनदीप खालसा ने कहा कि वर्षभर के विभागीय कार्यक्रमों की रूपरेखा सत्र के प्रारंभ में तैयार कर समय पर संपादन किया जाना चाहिए। इसके लिए उन्होंने मार्गदर्शन दिया। डॉ. वेदवती देवांगन ने विषय ज्ञान के साथ अन्य गतिविधियों में भी सक्रिय सहभागी रहने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. तामेश्वरी साहू ने व्यक्तित्व विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ शैक्षणोत्तर गतिविधियों में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया। डॉ. डेकेश्वरी मण्डावी ने अर्थशास्त्र विषय का महत्व बताया। भूतपूर्व छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मिस फेयरवेल भानु देवांगन, मिस फ्रेशर सीमा साहू एवं मिस्टर फ्रेशर नूरमणि साहू को बनाया गया। रिसिका पंजाबी ने आभार व्यक्त किया।

पीजी कालेज के रासेयो छात्रों ने किया शिविर का आयोजन

## मरादेव-गंगरेल के 82 ग्रामीणों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे के निर्देशन तथा जिला संगठक निरंजन कुमार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी भीखमचंद साहू, आकांक्षा मरकाम के मार्गदर्शन में एक दिवसीय स्वासथ्य शिविर मरादेव तथा गंगरेल में आयोजित किया जिसकी थीम यूथ फार माय भारत रही।

शिविर की शुरुआत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर से की गई। ग्राम




मरादेव से 56 व गंगरेल से 26 ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। स्वयंसेवकों ने मरादेव की गलियों, चौक-चौराहों, गंगरेल मुख्य मार्ग, आंगनबाड़ी परिसर समेत प्राथमिक शाला परिसर की साफ सफाई की। प्राथमिक शाला के बच्चों को स्वच्छता को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। सुआ नृत्य का आयोजन भी किया। स्वयंसेवकों द्वारा मरादेव से लेकर गंगरेल तक स्वच्छता रैली, नशा मुक्त रैली, एड्स नियंत्रण एवं जागरुकता रैली निकाली। इस दौरान एचआईवी एड्स के नियंत्रण एवं बचाव के उपाय बताए गए।

मौके पर स्वयंसेवक अपर्णा शर्मा, विवेक साहू, संकेत कुमार साहू, विभा पाण्डे, मोनिका साहू, केसर साहू, संदीप, ओम मरकाम, रविकांत, रामानंद, प्रहलाद, कुलदीप, परमानन्द, अभिलाषा, वीणा, ललिता, खुशी साहू, नोमिता, टीना, भूमिका, माधुरी, योगेन्द्र निर्मलकर, गोपेश्वर, तिलेश्वरी, डोमेंद्री, आर्यन, लोचन, लक्ष्मण, कौशल उपस्थित थे।

**Pride of Dhamtari**





**गितिका ऑटो डील**
आटो पार्टस एवं सर्विसिंग सेंटर
बाजार चौक मेन रोड सिरसिदा
हमारे यहां सभी प्रकार के चारपहिया एवं दोपहिया गाड़ियों की खरीदी-बिक्री, रिपेयरिंग, सर्विसिंग एवं नाम ट्रांसफर का काम किया जाता है
प्रो.टोमन साहू 97530-65484, 62682-66559
त्यौहारी ऑफर
नवरात्रि से दीपावली पर्व तक दोपहिया वाहन में एक वर्ष का इंश्योरेंस फ्री एवं चारपहिया वाहन खरीदी पर चांदी का सिक्का फ्री

**विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि**
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201




## खबर संक्षेप



### गौवंशों को खिलाई गई खिचड़ी

**महासमुंद।** लाफिनखुर्द गौठान में गौ वंशों की पूजन करके खिलाई गई खिचड़ी।

### राज्योत्सव के मौके पर कवि गोष्ठी 5 को

**महासमुंद।** राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 05 नवंबर को जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में आयोजित समारोह में खाद्य मंत्री एवं प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि होंगे। राज्योत्सव के अवसर पर 5 नवंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों और कवि संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे मुख्य कवि के रूप में मौजूद रहेंगे। साथ ही कोरबा से किरण सोनी, मुंगेली से देवेंद्र प्रसाद वीर रस, कवर्धा से अभिषेक पांडेय अपने कविताओं से श्रोताओं को आनंदित करेंगे।

### मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों ने वृद्धाश्रम में बांटे फल-मिष्ठान

**महासमुंद।** शहर की समाजसेवी संस्था मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों ने दीपावली पर्व पर नयापारा स्थित आशियाना वृद्धाश्रम में बुजुर्गजनों को फल और मिष्ठान वितरण किया गया। विगत 19 वर्षों से अज्ञात शवों के अंतिम संस्कार के साथ सामाजिक सेवा कार्यों से जुड़े हुए मुक्तिधाम समिति के सदस्य राजू चंद्राकर, डॉ जे शुक्ला, ओमप्रकाश औसर, फगवा पटेल, मोहन बावनकर, गोपाल वर्मा, विजय ठाकुर, संजय शर्मा, डॉ एजाज नकवी, मनोज पटेल, गुमान चंद जैन, सुरेश साहू आदि ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वृद्धाश्रम के माता पिता तुल्य बुजुर्गजनों का कुशलक्षेम जाना और दीपोत्सव पर्व पर उनका आशीर्वाद लेते हुए सभी को फल मिठाई वितरित की। इस अवसर पर वृद्धाश्रम की अधीक्षिका श्रीमती उषा साहू सहित स्टाफ के सभी सदस्य और वृद्धाश्रम के बुजुर्गजन उपस्थित रहे।

### कलाकार रंजीत को किया गया सम्मानित



**नर्रा।** मातर मड़ाई मेला महोत्सव पर ग्राम रूवाड़ में आयोजित अंचल के सुप्रसिद्ध नाचा गम्मत रजीत चक्रधारी कृत कका भतीजा सराईपाली (कोमाखान) का कार्यक्रम हुआ। जिसमें नाचा कलाकारों द्वारा स्वस्थ मनोरंजन करने के साथ साथ हंसी मजाक से भरपूर मंचीय प्रसहन प्रस्तुति देते हुए विभिन्न सामाजिक मुद्दों के साथ शासन-प्रशासन की महत्वकांक्षी योजनाओं को मंच के माध्यम से जागरूक करने सहित एक सुंदर संदेश देने का कार्य कर रहे हैं, जिसके चलते यह नाचा गम्मत के कलाकारों ने वहां के दर्शकों का मनमोह लिया। इस नाचा गम्मत के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए ग्राम पंचायत रुवाड़ के ग्रामीणजनों द्वारा संस्था के प्रमुख एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत चक्रधारी को श्रीफल शाल भेंट कर सम्मानित किया गया।

शहर सहित गांव गांव में दीपावली का उत्साह, हटकेशर में हुआ आयोजन

# गौरी गौरा विवाह की सांस्कृतिक परम्परा धूमधाम से मनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शनिवार को शहर सहित गांव गांव में गौरी गौरा विवाह और विसर्जन का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान लोगों में उत्साह देखते ही बन रहा था। हटकेशर वार्ड में आदिवासी समाज ने अपनी संस्कृति एवं परम्परा का निर्वहन करते हुए भगवान शंकर और पार्वती की विवाह रस्म निभाई गई।


हटकेशर आदिवासी समाज के अध्यक्ष संतराम ठाकुर, कैलाश ध्रुव, महेश ध्रुव ने बताया कि दीपावली पर गौरी गौरा विवाह की हजारों साल पुरानी परम्परा चली आ रही है। जिसमें आदिवासी समाज के साथ सर्वसमाज के लोग बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं। उन्होंने बताया कि 27 अक्टूबर को गौरी गौरा जगार के साथ गौरी गौरा विवाह का सांस्कृतिक परम्परा शुरु हुई। रात 9 बजे गौरा चौरा में समाज की महिलाएं पारम्परिक गाजे बाजे के साथ गौरा जगार की रस्म पूरी करते हैं। इस दौरान दर्जनों महिला पुरूष बच्चे गीत संगीत में खूब नाचते झूमते है। जिसे देखने बड़ी संख्या में लोग इकट्ठे होते हैं। पांच रात में गौरा जगार होने के बाद लक्ष्मीपूजा की रात गौरी गौरा विवाह की रस्म की जाती है। अलग अलग घरों में गौरी गौरा की मूर्ति को रखा जाता है। फिर गौरा को परघा कर लाया जाता है। यहां से गौरा गौरी की बारात निकलती है।

बारात के दौरान युवा अखाड़ा का प्रदर्शन करते हैं। पारंपरिक गाजे बाजे के धुन में अनेक महिला पुरूष नाचते झुमते गौरी गौरा की अगुवाई करते हैं। वार्ड का भ्रमण कर गौरा चौरा में पहुंचते हैं। यहां गौरा चौरा में सात भांवर कर विवाह रचाते हैं। इस समय दीपावली पर्व का उत्साह अपने चरम पर रहता है। खूब फटाके आतिशबाजी होती है। विवाह के बाद गौरा चौरा में प्रतिमा स्थापित की जाती है।

### गौरा विसर्जन में परण पड़ने की रस्म

शनिवार को 11 बजे गौरी गौरा विसर्जन की रस्म शुरु हुई। चंदूलाल नेताम, देशराम ध्रुव, लोकेश नेताम ने बताया कि परंपरानुसार गौरी गौरा विसर्जन पारंपरिक गीत संगीत के साथ गौरा विसर्जन यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल होते हैं। विसर्जन के दौरान रास्ते भर गौरी गौरा की घर घर से पूजा की जाती है। लोग अपनी मनोमकामना को लेकर गौरी गौरा के सामने पेट के बल लेटकर परण पड़ते हैं। जिसे पार कर गौरी गौरा आगे बढ़ते हैं। मान्यता है कि परण पड़ने से लोगों की मनोकामना पूर्ण होती है।

# किसानों ने खिलाए मवेशियों को खिचड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

ग्राम अंवरी में किसानों ने गोवर्धन पूजा के दिन अपने पालतू मवेशियों को विधि-विधान पूर्वक पूजा पाठ कर खिचड़ी खिलाया।

किसान थम्मन साहू, खिलावान साहू, भुनेश्वर साहू, डीगेश्वर साहू, रामेश्वर साहू, तुलाराम साहू, पोषण साहू, इन लोगों ने बताया कि गौमाता भी एक प्रकार के लक्ष्मी का ही रूप है जिसे गोधन कहा जाता है। जिसे दिवाली पर्व पर पूजा पाठ कर खिचड़ी खिलाया जाता है।

इस अवसर पर जिसमें हेमन्त साहू, उदय प्रताप साहू, लोकु साहू, उमेश साहू, थानेश्वर साहू, रोशन साहू, ईश्वर साहू, पुष्पेंद्र साहू, केशव साहू, मुकेश साहू, लकी साहू, गुलशन साहू, नीरज साहू, डगेश्वर साहू ने खिचड़ी खिलाई।

# सिर्री में विराजित हुईं माता लक्ष्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

सिर्री में शुक्रवार को दीपावली पर्व के मौके पर जय महालक्ष्मी उत्सव समिति द्वारा विधिवत पूजन कर पुराना स्कूल चौक में, अटल चौक में, बाजार चौक में माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित की गई। पर्व पर समिति द्वारा विधि-विधान से पूजन किया। इस दौरान जय महालक्ष्मी उत्सव समिति स्कूल चौक के अध्यक्ष हीरामन पटेल अध्यक्ष, नीलम साहू उपाध्यक्ष, परमेश्वर साहू सचिव,संरक्षक हरि देवांगन, धनीराम पटेल, बलराम पटेल, सदस्य गण में लोकेश्वर साहू, नारायण साहू ओमप्रकाश साहू, सुदर्शन साहू, धनेश्वर साहू, लाभा तारक, कुशाराम, रामेश्वर देवांगन, मनोज देवांगन,



सीताराम साहू सहित अन्य सदस्यों, ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा। माता लक्ष्मी की सेवा में पंडा सुखराम साहू, बलदेव साहू लगे हुए हैं। माता का दर्शन करने श्रद्धालुओं की लगातार भीड़ लग रही है।

# क्रिकेट में भुरसीडोंगरी बनी विजेता और मावली पारा उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

बेलरगांव ब्लाक के ग्राम हिर्रीडीह में दिपावली के अवसर पर ग्राम पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। शनिवार को आयोजन इस प्रतियोगिता में भुरसीडोंगरी और मावली पारा के बीच फाइनल मैच खेला गया। प्रथम किकेट क्लब भुरसीडोंगरी ने जीत हासिल का 13000 रु व शील्ड प्राप्त किया। वहीं उपविजेता किकेट कलब मावली पारा को



8001 रु और शील्ड प्रदान किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज साक्षी जिला पंचायत सदस्य धमतरी थे। वहीं अध्यक्षता हीरा लाल नेताम ग्राम पटेल, विशिष्ट अतिथि के रूप में कैलास नाथ प्रजापति, रजनीकांत देवांगन, ग्रा.पं.हिर्रीडीह वार्ड पंच सुमित्रा नेताम, कलाबाई मरकाम, चंद्रिका नेताम, मोहनी नेताम, मथन नेताम, परदेशी मरकाम,निर्जन नेताम, जोहन राम नेताम, डोमार सिंह नेताम, प्रभु लाल नेताम,विष्णु नेताम, रतन नेताम, महेंद्र मरकाम, हलाल सिंह नेताम,रामकुमार मरकाम, अमरचंद नेताम, छबिलाल मरकाम, शंकर लाल नेताम ,राजेश्वर नेताम, मंच संचालक देवेश मरकाम, आत्मा राम मरकाम, रोशन लाल नेताम, दुर्गेश नेताम,पुसऊ मरकाम, संत कुमार नेताम एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सिर्री क्षेत्र में धूमधाम से मनी दीपावली





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

सिर्री में 1 नवंबर शुक्रवार को दिवाली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र के कुछ गांवों में 31 अक्टूबर को भी लक्ष्मी पूजन विधिवत संपन्न की गई। सिर्री सहित अंचल में दीपावली पर्व पर सभी के घर रोशनी से जगमग रहे। शुक्रवार को सुबह से ही घरों व विभिन्न प्रतिष्ठानों में उत्साह का माहौल रहा। मनभावन रंगोली ने घरों की आकर्षकता को और बढ़ाया। शुभ-मुहूर्त में धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा की गई। बच्चों सहित बड़ों में भी जमकर पटाखे फोड़े। रात्रि में ही क्षेत्र के गांवों के विभिन्न गौरा चौक में पारंपरिक गौरी-गौरा के गीत बाजे-गाजे के साथ गूंजती रही। लोग दर्शन करने आशीर्वाद लेने भीड़ लगी रही। आदिवासी समाज द्वारा आदिवासी संस्कृति की प्रस्तुति हुई। साथ ही राउत नाचा, सुआ नृत्य, गोंडी संस्कृति पर आधारित रस्म निभाएं गए। शनिवार सुबह से ही लोगों के गोवर्धन पूजा भी की और गायों को खिचड़ी भी खिलाई। राउत भाइयों ने घर घर जाकर दोहा गाते हुए आशीर्वाद देने पहुंचे। पर्व पर जमकर आतिशबाजी भी की गई।

# सिकासेर दल के आधे हाथी सांकरा रेंज की ओर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- एमई 3 दंतैल गरियाबंद वन मंडल में लौटा

सीतानदी उदंती टायगर रिजर्व क्षेत्र के अरसीकन्हार में सिकासेर हाथी दल के करीब 15 हाथी विचरण कर रहे हैं। वहीं चंदा दल के एक हाथी को गरियाबंद जिले में लौटने की खबर है।

हाथी निगरानी दल के एस.सोरी ने बताया कि शनिवार को सिकासेर हाथी दल के 14-15 हाथियों को बोईर गांव परिसर के कक्ष क्रमांक 180 में विचरण करते देखा गया है। हाथी द्वारा फसल क्षति की खबर नहीं है। आसपास क्षेत्र के ग्राम खालगढ़, बोईरगांव, संदबाहरा, मांदागिरी, ठोठाझरिया, लिलांज, अरसीकन्हार के ग्रामीणों को हाथी से सावधान रहने की मुनादी कराई गई है।

इधर उत्तर सिंगपुर हाथी निगरानी दल प्रमुख प्रेमलाल लहरे ने बताया कि शुक्रवार को एक दंतैल एमई 3 का लोकेशन मगरलोड परिक्षेत्र के ग्राम रेंगाडीह में था। जिसे देखते हुए हथबंध, जलकुंभी, परसाबुड़ा, कमारपारा, रेंगाडीह, कोटगांव, राजाडेरा गांव को अलर्ट किया गया था। शनिवार को यह हाथी पैरी नदी पार कर गरियाबंद वनमंडल में प्रवेश कर गया है। एमई तीन दंतैल से फसल हानि की खबर है।

# त्योहार में सड़क दुर्घटना रोकने पुलिस ने की वाहन चालकों की चेकिंग

- नशे की हालत में वाहन चलाने वालों पर रही नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

त्यौहार पर नशे के कारण होने वाले सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने यातायात पुलिस ने नशे की हालत में वाहन चलाने वालों की चेकिंग कर समझाईश दी।

दीपावली त्यौहार को लोग हर्षोल्लास के साथ मनाते है, लेकिन कुछ अतिउत्साही युवा त्यौहार के उमंग में नशापान कर वाहन चलाने से बाज नहीं आते। जिसके कारण अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है। जिसे ध्यान



में रखते हुए यातायात डीएसपी एम.एस.चंद्रा के नेतृत्व में ट्रेफिक पुलिस द्वारा एहितियात के तौर पर गुरुवार से ही शहर में विभिन्न चौक चौराहों पर चेकिंग पाइंट में इंटरसेप्टर वाहन के मदद से शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग की गई।

शराब सेवन किए पाए जाने पर वाहन चालको को समझाइश के साथ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। सड़क दुर्घटना में कमी लाने यह कार्रवाई त्यौहार के बाद भी लगातार जारी रहेगी। यातायात पुलिस ने आमजनों से शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने, स्वयं को सुरक्षित रखते हुए अन्य लोगों की भी सुरक्षा का ध्यान रखने व ट्रेफिक नियमों का पालन कर पुलिस का सहयोग करने की अपील की है।




# प्रशिक्षणार्थियों ने जनजातियों की संस्कृति व परम्परा को रंगोली में उकेरा

- आईटीआई करेली बड़ी में जनजाति गौरव दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

शासकीय आद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान करेली बड़ी में जनजाति गौरव दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान जनजाति गौरव माह के तहत उनके योगदान और इतिहास को बताया गया। इस दौरान रंगोली, पेंटिंग, पोस्टर, निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता हुई।

प्रशिक्षणार्थियों ने रंगोली के माध्यम से जनजाति परम्परा की मनमोहक रंगोली बनाई। संस्था प्रमुख श्रीमती धारणा साहू ने बताया कि भारत की जनजातियां हमारी संस्कृति और इतिहास का एक



महत्वपूर्ण हिस्सा है।

इन जनजातियों की विशिष्ट संस्कृति, परंपराए और रीति-रिवाज हमारी विविधता को दर्शाते हैं। हमें जनजातियों के अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए और उनकी संस्कृति को संरक्षित करना चाहिए। जनजातियों की संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने से हम अपनी विविधता को संरक्षित कर सकते हैं। हमें जनजातियों के प्रति सम्मान और सहानुभूति की भावना रखनी चाहिए। जनजातियों का गौरव हमारी राष्ट्रीय पहचान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमें जनजातियों की संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए काम करना चाहिए। कार्यक्रम में प्रशिक्षण अधिकारी चंद्रशेखर साहू, मनीष कुमार टंडन, चोवाराम सोनवानी, उमेश कुमार साहू का विशेष सहयोग रहा।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मितान धारा फाउंडेशन ने दी प्रोत्साहन राशि

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय पीजी कालेज में दीपावली पूर्व आयोजित सुआ नृत्य, राऊत नाचा और गौरा गौरी झांकी प्रतियोगिता के प्रथम स्थान प्राप्त समूह को मितान धारा फाउंडेशन के माध्यम से 1000-1000 रूपये की प्रोत्साहन राशि डॉ. खेदू भारती ने प्रदान की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे, कार्यक्रम संयोजक डॉ. हेमवती ठाकुर, आकांक्षा मरकाम, डॉ. दूजराम टंडन, पीसी चौधरी, डॉ. मनदीप खालसा, डॉ. अनीता राजपुरिया, डॉ. चन्द्रिका साहू, प्रभा वेरूलकर, ग्रेस कुजूर, सपना ताम्रकार, गायत्री लहरे, वेदवती देवांगन, अमरसिंह साहू, निरंजन साहू, भीखम, कुशल चोपड़ा समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### प्राइवेट छात्रों की प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा सोमवार से होगी

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,धमतरी को परीक्षा केन्द्र के रूप में चयनित करने वाले बी.ए./बी.एस.सी./बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर के स्वाध्यायी (प्राइवेट) विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उनकी प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा की समय सारणी महाविद्यालय द्वारा घोषित कर दी गयी है। महाविद्यालय द्वारा घोषित समय सारणी के अनुसार बी.ए.प्रथम सेमेस्टर की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा दिनांक 4 नवंबर से प्रारंभ होकर 9 नवंबर 2024 तक चलेगी। बी.कॉम.प्रथम सेमेस्टर की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षाएं दिनांक 5नवंबर से प्रारंभ होकर दिनांक 8 नवंबर तक चलेगी। इस प्रकार बी.एस.सी.प्रथम सेमेस्टर की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षाएं दिनांक 5 नवंबर से 8नवंबर तक चलेगी। स्वाध्यायी (प्राइवेट) विद्यार्थियों को प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। समस्त स्वाध्यायी (प्राइवेट) विद्यार्थी महाविद्यालय द्वारा जारी परिचय पत्र के साथ निर्धारित तिथि एवं समयावधि में महाविद्यालय में उपस्थित रहें। प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में अनुपस्थित रहने पर सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वाध्यायी (प्राइवेट) विद्यार्थी की होगी। विस्तृत जानकारी के लिए स्वाध्यायी (प्राइवेट) विद्यार्थी महाविद्यालय के सूचना पटल/वेबसाईट एवं व्हाट्सएप ग्रुप का अवलोकन कर सकते हैं।

### गोवर्धन पूजा में शामिल हुए विधायक



**बसना।** बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मेदिनीपुर में गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ. संपत अग्रवाल शामिल हुए और भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि की कामना की। विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने कहा कि गोवर्धन की पूजा करने से आर्थिक समस्याएं दूर होती हैं और इसके अलावा धन-धान्य, संतान और सौभाग्य की प्रप्ति होती है। इस अवसर पर विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा सहित भारी जनसंख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### क्षेत्र में दो दिन किया गया लक्ष्मी पूजन

**नर्रा।** कार्तिक मास में छः दिनों तक चलने वाले दीपोत्सव का पर्व में अमावस्या तिथि गुरुवार को शुरू हुई। वहीं क्षेत्र के कुछ गांवों में शुक्रवार को भी लक्ष्मी पूजन किया। लक्ष्मी पूजन पर घरों, दुकानों व गली दीपक से जगमगा उठे। घर मंदिरों को झालर लाइट से भी सजाया गया। इस दौरान मां लक्ष्मी, सरस्वती और गणेश की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजन अर्चन कर सुख समृद्धि एवं वैभव की कामना की गई। वही फटाखे फूल झड़ी जलाकर आतिशबाजी की गई। रात्रि में गांवों के गौरा चौरा पर ईशर-गवरा विराजित की गई।

चार वर्षों के सहयोगी, मदन लुनावत का सार्थक संस्था ने सम्मान किया

# सार्थक में समुद्र मंथन और लक्ष्मी अवतरण का नाट्य प्रदर्शन

**स्मिता जैन ने विशेष बच्ची की मां को इलाज के लिए सहयोग राशि भेंट की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





मानसिक दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्र सार्थक स्कूल में दीपावली उत्सव बड़े धूम धाम से मनाया गया इस अवसर पर समाजसेवी मदन लुनावत, शशि लुनावत एवं स्मिता निलेश जैन विशेष बच्चों के साथ दीवाली मनाने सार्थक स्कूल आए।

बच्चों ने अभिनंदन गीत गाकर उनका उत्साहपूर्ण स्वागत किया। उसके पश्चात बच्चों ने समुद्र मंथन के प्रसंग की, लघु नाटिका के रूप में सुंदर प्रस्तुति दी। जिसमें हर्षिता गजेंद्र, माता लक्ष्मी के रूप में, प्राची सोनी, कुबेर भगवान, और निखिल जैन, विनित बघेल, ईशु बनपेला, कुलदीप बंजारे,पंकज मंधान, यज्ञदत्त साहू , अर्जुन चक्रधारी, एकलव्य पटेल ने देवगण और असुरों की वेशभूषा में इस नाटिका में बहुत आकर्षक तरीके से, अपनी अपनी भूमिका निभाई । समुद्र मंथन में लक्ष्मी जी के अवतरण पश्चात देवगणों ने उनका स्वागत कर उनकों आसन में विराजित किया और उनके साथ कुबेर देव जी को बिठाकर, आरती गाकर लक्ष्मी माता की स्तुति की।

उसके पश्चात सार्थक की अध्यक्ष डॉ. सरिता दोशी ने बताया कि मदन लुनावत के द्वारा खपरी ग्राम से आने वाली एक बच्ची वत्सला के नियमित स्कूल आने जाने के लिए विगत चार वर्षों ऑटो का किराया प्रतिमाह प्रदान किया जा रहा है। इस विशेष सहयोग के लिए,सार्थक के संरक्षक मदनमोहन खंडेलवाल ने उनका शाल श्रीफल से अभिनंदन किया।

इसी अवसर पर वत्सला की मां ओमेश्वरी को हृदय सम्बंधित बीमारी में मदद के लिए अतिथि स्मिता निलेश जैन ने सहयोग राशि भेंट की। सार्थक स्कूल में आए हुए अतिथियों ने बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि, ये बच्चे बहुत समझदार और होशियार हैं और इनकी अनुशासनशीलता इन्हें विशेष बनाती है। मदन लुनावत ने काव्य पंक्तियों के द्वारा बच्चों को मोटिवेशनल उद्बोधन दिया। और कहा प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को जो ट्रेनिंग दी जा रही है उस मेहनत का फल आज लक्ष्मी अवतरण की प्रस्तुति में फलीभूत हो रहा है।

सचिव स्नेहा राठौड़ ने बताया कि डांस एवं संगीत की प्रशिक्षक स्वीटी सोनी, संगीत प्रशिक्षक देविका दीवान और वरिष्ठ प्रशिक्षक मैथिली गोड़े के निर्देशन में बच्चे पहले से काफी बेहतर परफॉर्म करने लगे है। उन्होंने अतिथियों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। तीनों अतिथियों, प्रशिक्षकों और सार्थक के सदस्यों ने बच्चों के हाथ पकड़कर दीए जलवाए फिर सबने खुश होकर एक दूसरे को हैप्पी दीवाली कहा। अंत में सभी बच्चों को दीपोत्सव की खुशी में मिठाई खिलाकर स्वल्पाहार कराया गया। इस कार्यक्रम में सुभाष मलिक, मैथिली गोड़े, स्वीटी सोनी, सीमा सोनी,आरती सोनी, सुनैना गोड़े, सखीना बाघमारे,नम्रता बाघमारे और अन्य पालक उपस्थित थे।

## चुनाव में केवल जीत ही लक्ष्य होना चाहिए



■ महाराष्ट्र के नांदेड़ में प्रभारी रंजना साहू माइक्रो मैनेजमेंट पर कर रही फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

महाराष्ट्र एवं झारखंड चुनाव के मद्देनजर छत्तीसगढ़ भाजपा के द्वारा विभिन्न विधानसभा में प्रभारी नियुक्त कर भेजा गया है। इसी कड़ी में महाराष्ट्र के नांदेड़ दक्षिण विधानसभा में पार्टी ने पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रंजना साहू को प्रभारी बनाया है।

रंजना साहू लगातार नांदेड़ में बैठकें कर रही हैं। वे क्रमशः मंडलों, शक्तिकेंद्रों और बूथों की बैठक लेकर कार्यकर्ताओं में काम बांटते हुए चुनावी रणनीति बनाने लगी हुई हैं। माइक्रोमैनेजमेंट पर फ़ोकस करते हुए विभिन्न योजनाओं के तहत दक्षिण विधानसभा जीतने अपनी ज़िम्मेदारी का निर्वहन कर रही हैं। इसी कड़ी में विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्षों एवं मंडल प्रभारियों की बैठक लेकर शक्ति केंद्र की बैठकों की रूपरेखा बनाई गई। आने वाले दिनों में सभी शक्ति केंद्रों की बैठक लेकर प्रत्याशी के प्रत्येक मतदाता तक पहुंचने की बात कही। आगे कहा कि चुनाव में केवल जीत ही लक्ष्य होना चाहिए।

## सुनील पाल की कॉमेडी और विकल्प मेहता की मिमिक्री का लुत्फ उठाएंगे कुरूदवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



■ आज शाम अजय फाउंडेशन का एक और आयोजन

आज शाम कुरुद शहर में हंसी का तूफान आने वाला है। भाई दूज के पावन पर्व पर, हास्य जगत के दो दिग्गज कलाकार सुनील पाल और विकल्प मेहता कुरुद में एक मनोरंजक शाम का आयोजन करने आ रहे हैं। 3 नवंबर को शाम 7 बजे, अजय एजुकेशन एंड हेल्थ फाउंडेशन में होने वाले इस कार्यक्रम में सभी नगर वासी सुनील पाल के मजेदार जोक्स और विकल्प मेहता की अक्षय कुमार की जबरदस्त मिमिक्री का लुत्फ उठा सकते हैं।

बॉलीवुड और टेलीविजन के जाने माने कलाकार सुनील पाल, जो फिल्मों के साथ साथ ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैंपियन रह चुके हैं साथ ही और 51 से अधिक स्टैंडअप शो कर चुके हैं। अपनी हास्य कला से सबको मंत्रमुग्ध करेंगे। वहीं, विकल्प मेहता, जो अक्षय कुमार की बेहतरीन मिमिक्री के लिए जाने जाते हैं। अक्षय कुमार के अंदाज भरी अपनी अदाकारी से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। यह कार्यक्रम कुरुदवासियों के लिए एक अनूठा अवसर है, जब वे अपने शहर में ही इन दो प्रतिभाशाली कलाकारों को एक साथ देख सकेंगे।

संरक्षक अजय चंद्राकर विधायक कुरुद के आतिथ्य में अजय एजुकेशन एंड हेल्थ फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह शाम निश्चित रूप से यादगार साबित होगी। जिसमें अपने परिवार और दोस्तों के साथ आएं और इस हास्य से भरपूर शाम का आनंद लें। कार्यक्रम की तैयारियों में अजय फाउंडेशन के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष अभिषेक बैस, सचिव इमरान बेग, कोषाध्यक्ष मलय चंद्राकर,लक्ष्मीकांत साहू, प्रसन्न नायडू, शुभम बैस, खेमराज सिन्हा, पावस चंद्राकर, सुशासन आमदे आदि जुटे हुए हैं।

## सेंचुरी पार्क की उत्साही युवा मंच ने बदली सूरत




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर स्थित सेन्चुरी पार्क अब वापस अपने वीरान दिनों से मुक्त होने लगा है। इसके लिए उत्साही युवा मंच ने जागरूकता अभियान स्वच्छता एक मुहिम की शुरुआत की है। 15 से 18 युवकों ने चार दिन तक लगातार दो घण्टे श्रमदान किया। मंदिर के समीप के पेवर ब्लॉक वाले एरिया में रंगरोगन किया। इससे उसकी सुंदरता में चार चांद लग गया।

युवा भूपेंद्र ने कहा कि घर में तो हर कोई अपना काम समझकर कर ही लेता है वैसा ही अब इस ऐतिहासिक पार्क को भी सजाने संवारने में नगर के हर उम्र के लोगों को आगे आना चाहिए। विराज ने बताया कि दिवाली के कारण आज से 3 अक्टूबर तक उनकी मुहिम बंद रहेगी। 4 अक्टूबर से फिर निरन्तर जारी रहेगी। प्रियांशी ने कहा कि शहर में कई हुनरमंद युवक -युवती हैं। उन्हें बैठने की बजाय हमारे साथ हाथ बढ़ाने की आवश्यकता है।

## आयुर्वेद में आहार से नवाचार विषय पर दिया गया उद्बोधन




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला आयुष विभाग धमतरी द्वारा बीते दिन राधाकृष्ण भवन धमतरी में वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार विषय पर नवम्‌ आयुर्वेद दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक धमतरी डॉ. अवध पचौरी ने कार्यक्रम का संचालन किया। शिविर स्थल पर औषध प्रदर्शनी, आयुर्वेद नवाचार के लिए मॉडल, पोस्टर्स एवं आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पार्षद श्रीमती सुशीला तिवारी एवं कविंद्र जैन ने जिला आयुष अधिकारी डॉ. सुरेंद्र चंद्राकर के साथ भगवान धनवंतरी की पूजा-अर्चना कर किया। इस अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. प्रेमा सिंह द्वारा आयुर्वेद में आहार से नवाचार विषय पर उद्बोधन दिया गया। स्कूल वैलनेस के लिए आयुर्विद्या विषय पर कक्षा नवमीं की छात्रा गरिमा पचौरी एवं कार्य स्थल पर वैलनेस के लिए आयुर्वेद विषय पर डॉ. अवध पचौरी द्वारा व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 9 वें आयुर्वेद दिवस पर वैश्विक स्वास्थ्य के लिए नवाचार विषय पर दिए गए उद्बोधन का लाइव प्रसारण किया गया। प्रदर्शनी में सुप्रजा के लिए प्रस्तुत मॉडल डॉ. अखिलेश साहू, मिलेट्स का आहार में उपयोग पर डॉ. वर्षा देव, विभिन्न प्रकार के बर्तनों का उपयोग करते हुए औषधि एवं आहार के गुण में वृद्धि डॉ. रिचा त्यागी, वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार पर डॉ. संदीप पटवा ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन डॉ प्रवीण चंद्राकर द्वारा आभार प्रदर्शन कर किया गया।

## मौहाबहरा में गौरा गौरी जगाकर तीसरे दिन किया गया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



ग्राम मौहाबहरा रंगमंच समीप रात्रि में भगवान शिव का गौरा और माता पार्वती की गौरी रूप में मूर्ति बनाकर सुंदर मनमोहक झांकी निकाल कर गाजे बाजे के साथ गांव के गौरा चौक में ले जाकर विराजित किया गया था। गौरा जगाने के लिए गांव के महिला पुरूष युवक युवती गांव में गौरा चौक में एकत्रित होकर बैगा के द्वारा पूजा पाठ करके पारंपरिक गौरा गीतों के माध्यम से बाजा के पारंपरिक धुनों के बीच ईश्वर को जगाने के साथ साथ गौरी गौरा को रात्रि विश्राम के लिए सुलाया भी गया। इस बीच युवक युवतियों को देव भी आया। वे बाजे के धुन में नाचते हुए अपने हाथ पैर को रस्सी से बने सांकड़ से मारते रहे। रात्रि के प्रथम पहर पूजा पाठ चलता रहा। जिसमें आदिवासी भाईयों की भागीदारी तो रही ही साथ साथ गांव के सभी वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया। ग्रामीण अंचल में पहले गौरी गौरा जगाने का सिलसिला एक सप्ताह पहले शुरू हो जाता था। किंतु अब बदलाव आ गया।

इस परम्परा को ग्राम मौहाबहरा के गौरा गौरी चौक पर गांव के शीतला मंदिर के पुजारी गिरधारी मरकाम व लखन लाल मरकाम, कन्हैयालाल गोड़, नंद कुमार गोड़, पालेश गोड़, मनक लाल गोड़, दिनेश गोड़, विजय गोड़, सुमेर सिंह गोड़, शिवप्रसाद गोड़ सहित समस्त ग्रामवासियों ने बड़ी ही भक्ति भाव से निभाया। इसके बाद मूर्तियों का विसर्जन किया गया।

## नगर पंचायत नगरी में ई रिक्शा व टिप्पर का किया गया शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

स्वच्छता अभियान के तहत नगर पंचायत नगरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अनुशंसा पर नगर पंचायत नगरी को 08 नई ई रिक्शा, 3 टिप्पर की सौगात मिली है। जिनका धनतेरस के अवसर पर पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर आराधना शुक्ला अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी, अजय नाहटा उपाध्यक्ष, नागेन्द्र शुक्ला पूर्व अध्यक्ष, सुनील निर्मलकर सभापति, भुपेंद्र साहू, प्रफुल्ल अमतिया, सोहन चतुर्वेदी, अश्वनी निषाद, जितेन्द्र ध्रुव, बिरेंद्र निर्मलकर, सोनू सैनी, राजेन्द्र, नीलकंठ सहित नगर पंचायत नगरी के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### निर्वाचन संबंधी दावा-आपत्ति 6 नवम्बर तक मंगाई गई

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा-30 के प्रावधानों के तहत धमतरी अंतर्गत जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र का निर्धारण उपरांत अधिसूचना का प्रारंभिक प्रकाशन परिशिष्ट-एक में जारी किया गया है। कलेक्टर नम्रता गांधी ने उक्त अधिसूचना को सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत और तहसीलदार कार्यालय में चस्पा कर प्रकाशन का पंचनामा कलेक्टोरेट कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर नम्रता गांधी द्वारा सारणी के स्तंभ दो में अंकित जिला को स्तंभ तीन में वर्णित निर्वाचन क्षेत्र क्रमांकों में जिनकी सीमा उनके सामने अंकित स्तंभ चार में उल्लेखित अनुसार होगी, विभाजित की गई है। निर्वाचन क्षेत्र का कोई भी वयस्क निवासी सारणी में अंतर्विष्ट किसी बात के संबंध में दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है, तो वह 6 नवम्बर तक कलेक्टर को लिखित में प्रस्तुत कर सकेगा।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं- पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

अपने आसपास सफाई रखने की आवश्यकता है : डॉ. वर्मा

# स्वच्छता ही सेवा अभियान मनाया, ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




कृषि विज्ञान केन्द्र, धमतरी द्वारा डॉ. ईश्वर सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के दिनांक 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। इस तारतम्य में डॉ. ईश्वर सिंह ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई और आस-पास स्वच्छ रखने का आह्वान भी किया। वैज्ञानिक डॉ. शक्ति वर्मा ने स्वच्छता के विषय में जागरुक करते हुये कहा कि अपने आस–पास सफाई रखने की आवश्यकता है तथा पानी का समुचित उपयोग करने की सलाह दी। वैज्ञानिक मनीषा खापर्डे ने बताया कि यह स्वच्छता अभियान अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र के द्वारा प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियां किया जा रहा है, जिसमें स्वच्छता हेतु शपथ, गांव में गंदे एवं कचरे के ढेर जमा होने वाले स्थानों की सफाई, बाजारों की आस-पास सफाई, मंदिरों की आस-पास की सफाई, पिकनिक स्थल के आस-पास सफाई, कालोनी, विभिन्न गांवों ग्राम पंचायत, विद्यालयों, महाविद्यालयों, सरकारी कार्यालयों के साथ मिलकर आस पास सफाई कर स्वच्छता का संदेश देना, कार्यालयों में जंग समानों की सफाई, पेटिंग करना, ग्रामीण जल निकायों सड़कों, रेलवे स्टेशनों, कूड़े के ढेर आदि की सफाई अभियान के अंतर्गत किया गया। श्रमदान के माध्यम से उसकी सफाई करना तथा उक्त स्थानों को बदला जाने की प्रेरणा देना, टुटे फूटे फर्नीचर अनुपयोगी उपकरण की मरम्मत करना अथवा नियमानुसार अपलेखन कर कार्यालय परिसर से हटाया जाना आदि कार्य शामिल है। डॉ. दीपिका चन्द्रवंशी ने कृषकों को स्वच्छता का शपथ दिलाते हुये पर्यावरण प्रदूषण, मृदा स्वस्थ, तथा रासायनिक का अत्यधिक उपयोग से होने वाले नुकसान के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। इस अभियान के तहत कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारी आशीष बंजारे प्रक्षेत्र प्रबंधक, कु. रीतिका ठाकुर कार्यक्रम सहायक, पौध रोग एवं कर्मचारी की भागीदारी रही।

online Booking:-www.tripuryatra.com


By Train-रिजर्वेशन कोच
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024, 20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025
24 जनवरी से 05 फरवरी 2025, 21 फरवरी से 05 मार्च 2025
02 मार्च से 19 मार्च 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Jai Mata Di · Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411